आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484

जननायक सम्राट

बर्ष :13 अंक :395 पृष्ठ –4 दिनांक 06 फरवरी 2025 दिन गुरूवार

महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर अधिकारियों की लापरवाही से मची भगदड़

1200 पुलिसकर्मियों पर करोड़ों की नियंत्रण व्यवस्था

लखनऊः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मेहनत और उनके पावन लक्ष्य को कुंभ मेला में लगे प्रशासनिक अधिकारियों ने दागदार कर दिया। कुंभ में मची भगदड़ जहां एक ओर विपक्ष के हाथ लगा एक मुद्दा है। वहीं दूसरी ओर संसद के बजट सत्र में विपक्षी दलों के लिए बहस का एक मुद्दा बन गया है। पिछले तीन दिनों से लगातार इस मुद्दे को लेकर अनाप शनाप आरोप केंद्र और प्रदेश की सरकार पर लगाए जा रहे हैं। तीन सदस्यीय जांच आयोग महाकुंभ में घटना स्थल पर अपना कार्य करने में लगा हुआ है। अभी तक की जांच में जो तथ्य उभर कर सामने आया है। वह मेले की व्यवस्था में प्रशासनिक अधिकारियों की घोर लापरवाही और अदूरदर्शिता है।मौनी अमवस्या के दिन रात में एक करोड़ से अधिक श्रद्धालु एकत्रित हो गए थे और इन्हे रोकने के लिए कुल 1200 पुलिसकर्मी तैनात थे। मौके से मेले व्यवस्था के लिए जिम्मेदार अफसरान नदारद थे। पुलिस अफसरों ने अतिउत्साह में अखाड़ों के स्नान की व्यवस्थ ही बदल दी। पूर्व में अखाड़ों के स्नान अर्द्धसैनिक बलों और पीएसी की सुरक्षा में होते रहे हैं जबकि इस बार दुर्घटना के बाद इन्हें स्नान के लिए लगाया गया।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ के भव्य और दिव्य आयोजन के लिए एसटीएफ, एटीएस और इंटेलीजेंस की कई टीमों के साथ आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस और बड़ी संख्या में अधिकारियों की नियुक्ति की गई थी। उन्होंने मेला क्षेत्र की बाकी व्यवस्था बेहतर ढंग से की थी, लेकिन प्रशासनिक लापरवाही के कारण मौनी अमावस्या पर इतना बड़ा हादसा हो गया, जबकि हादसे पहले तीन करोड़ और हादसे के बाद करीब 8 करोड़ श्रद्धालुओं ने बिना डर के त्रिवेणी में स्नान किया है।अपने कार्यों की वाहवाही में जुटे रहे अफसरमहाकुंभ में मौनी अमावस्या पर हुई भगदड़ की जांच के लिए कमेटी का गठन किया जा चुका है, जिसने अपनी जांच शुरू कर दी है। इस जांच आयोग में रिटायर्ड जज हर्ष कुमार के अलावा पूर्व डीजी वीके गुप्ता और रिटायर्ड आईएएस डीके सिंह शामिल हैं। जांच टीम के सदस्यों ने प्रयागराज में पहुंच कर हादसे वाली जगह का निरीक्षण किया और मेला से जुड़े अधिकारियों के साथ बैठक की और उनसे तीखे सवाल पूछे, हालांकि अधिकारी अब तक उन सवालों का जवाब नहीं दे सके हैं। सूत्रों की मानें तो सभी अधिकारी अपने कार्यों की वाहवाही करने में ही सिर्फ जुटे रहे।जांच आयोग ने पूछे ये सवालजांच आयोग ने अधिकारियों से पूछा, यदि सब कुछ ठीक तरह से चल रहा था तो भगदड़ कैसे हुई? जब आपको पता था कि इतनी ज्यादा संख्या में भीड़ आने वाली है तो सुरक्षा के इंतजाम क्या किए थे? संगम क्षेत्र के अलावा और कहां–कहां भगदड़ हुई? क्या झूंसी में भी कोई घटना हुई है? सभी घटनाओं के सीसीटीवी फुटेज दिखाइए और भीड़ कंट्रोल के लिए बनाई प्लानिंग का विवरण कहा हैं?ये बातें भी आई सामने सूत्रों की मानें तो महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर संगम में स्नान करने के लिए भीड़ के पहुंचने का अनुमान प्रशासन को पहले से था, इसके बावजूद भीड़ को होल्डिंग एरिया में क्यों नहीं रोका गया? भीड़ के डायवर्जन के लिए कोई प्लानिंग क्यों नहीं बनाई गई? भीड़ के बावजूद पांटून पुलों को क्यों बंद कर दिया गया था? शाही स्नान के समय अर्धसैनिक बल और पीएसी के जवानों को क्यों नहीं ले जाया गया था?

पीएम नरेंद्र मोदी ने महाकुंभ में संगम में आस्था की डुबकी लगाई



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को सुबह प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ 2025 में पहुंचे और त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई. भगवा रंग का वस्त्र पहने मोदी ने स्नान करने के बाद गंगा को प्रणाम करते हुए सूर्यदेव को अर्घ्य दिया. अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री बुधवार की सुबह अरैल घाट के पास बने हेलीपैड पर हेलीकॉप्टर से पहुंचे और वहां से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उन्हें बोट से लेकर संगम पहुंचे जहां प्रधानमंत्री ने डुबकी लगाई.पीएम मोदी के गंगा स्नान पर समाजवादी पार्टी के नेता आईपी सिंह ने प्रतिक्रिया दी है. सोशल मीडिया साइट एक्स पर सपा नेता ने लिखा– गौर से देखिये..... रेनकोट स्नान कैमरे पर जारी है. गंगा जी के ठंडे पानी से इतना डर.... आज विशेष दिन है. आज मिल्कीपुर अयोध्या और दिल्ली में वोटिंग हो रही है इसलिए आज का दिन गंगा स्नान के लिए चुना गया है. भगवान विष्णु का अपने को अवतार बताने वाले को कुंभ स्नान की क्या जरूरत? इससे पूर्व, 13 दिसंबर, 2024 को अपनी प्रयागराज यात्रा के दौरान, प्रधानमंत्री ने 5,500 करोड़ रुपये मूल्य की 167 परियोजनाओं का लोकार्पण किया था जिससे महाकुंभ के दौरान आम श्रद्धालुओं को आवागमन में काफी सुविधा मिली. उल्लेखनीय है कि प्रयागराज महाकुंभ में बुधवार को सुबह 10 बजे तक 10 लाख कल्पवासियों समेत 47.30 लाख लोगों ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई. वहीं 13 जनवरी, 2025 से शुरू हुए महाकुंभ में मंगलवार तक 38.29 करोड़ से अधिक लोग संगम में स्नान कर चुके हैं.

आगरा में शराब से लोड पिकअप वाहन पलटा, शराब लूटने की मची होड़

उत्तर प्रदेश स्थित आगरा में शराब से भरी एक मैक्स गाड़ी पलट गई, शराब की पेटियों से भरी मैक्स गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट जाने से शराब की पेटी लूटने की होड मच गई. शराब लूटने के लिए मौके पर भीड़ जमा हो गई. सड़क पर बिखरी पड़ी शराब की बोलत को लेकर लोग भागते बने. सूचना पर पहुंची पुलिस ने मोर्चा संभाला तब जाकर स्थिति नियंत्रण में आई. शराब से भरी मैक्स गाड़ी का पहिया चलते चलते अचानक से निकल गया, पहिया निकलने से चालक अपना नियंत्रण खो बैठा जिसके चलते गाड़ी सड़क पर ही पलट गई . शराब की पेटियों से भरी गाड़ी पलटने के बाद आसपास के लोगो में शराब लूटने की होड़ मच गई.दरअसल मंगलवार को आगरा के ट्रांसपोर्ट नगर से शराब की पेटियां मैक्स गाड़ी में लदकर अछनेरा में शराब के ठेके पर जा रही थी, रायभा के पास गाड़ी का पहिया अचानक से निकल गया, चलती गाड़ी का पहिया निकल जाने के कारण मैक्स गाड़ी सड़क पर पलट गई. गाड़ी सड़क किनारे पलट गई और गाड़ी में लोड शराब की पेटियां सड़क पर बिखर गईं. सड़क पर शराब बिखरी देखकर आसपास के लोगो मे उसे लूटने की होड़ मच गई. बताया गया है कि लोग शराब को लूटकर भाग गए. हालांकि मौके पर पहुंची पुलिस ने मोर्चा संभाला तब जाकर स्थिति पर नियंत्रण पाया.गाड़ी में तकरीबन 15 लाख की शराब थी लोड जानकारी के अनुसार मैक्स गाड़ी में करीब 150 पेटियां लदी हुई थीं जिनकी ताकरीबन कीमत 15 लाख है. बताया गया है कि ट्रक ओवर टेक करते समय अचानक मैक्स का पहिया निकल गया, मैक्स ड्राइवर ने गाड़ी से नियंत्रण खो बैठा और मैक्स सड़क पर पलट गई. लोगों ने सड़क पर शराब बिखरी देखी तो लोग शराब लेकर भागने गए. सूचना पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंच गई. मैक्स पलटने की सूचना पर आबकारी विभाग की टीम और अछनेरा पुलिस मौके पर पहुंच गई और स्थिति को नियंत्रण में किया. सड़क बिखरी शराब को दूसरी गाड़ी से भिजवाया गया.

सुलतानपुर सड़क किनारे मिला अयोध्या के युवक का शव, मचा हड़कंप...हत्या की आशंका

सुलतानपुरः स्थानीय थाना क्षेत्र के अयोध्या–प्रयागराज नेशनल हाईवे पर स्थित दखिनवारा गांव के पास बुधवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया है। ग्रामीणों ने हत्या की आशंका जाहिर की है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया। घटना कूरेभार थाना क्षेत्र में हाईवे किनारे दखिनवारा गांव के पास खेत में एक 28 वर्षीय युवक का शव मिला। शव के पास ही मृतक की बाइक भी बरामद हुईं। सुबह–सुबह शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई है। स्थानीय लोगों की सूचना पर कूरेभार थाने की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू किया है।मृतक की पहचान अयोध्या जिले के हैदरगंज थाना अंतर्गत घोंपा निवासी कुंदन (28वर्ष) पुत्र रामचंद्र के रूप में हुई है। बताया जा रहा है मृतक संविदा लाइन मैन के पद पर गलिबहा विद्युत उपकेंद्र पर तैनात था। वह अपने ही गांव के संविदा कर्मी सुरेंद्र के साथ बाइक से था, सुरेंद्र को भी चोटे आई हैं। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष कूरेभार शारदेंदु दुबे ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर मिलने के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

निजी अस्पतालों का अटका आयुष्मान योजना का .भुगतान, टालमटोल कर रहे अधिकारी

लखनऊ, जिम्मेदारों की लापरवाही से सरकार की महत्वाकांक्षी आयुष्मान योजना को बट्टा लग रहा है। मरीजों के इलाज के बाद निजी अस्पतालों को काफी समय से बजट नहीं मिला है। इससे निजी अस्पताल संचालकों में नाराजगी है। कई अस्पतालों ने मरीजों के इलाज में असमर्थता जाहिर की है। वहीं कुछ अस्पताल आयुष्मान योजना में पंजीकृत मरीजों के इलाज में टालमटोल कर रहे हैं। इसका खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ रहा है।आयुष्मान योजना के तहत पंजीकृत मरीज को पांच लाख रुपए तक मुफ्त इलाज का प्रावधान है। लखनऊ में 264 प्राइवेट व 42 सरकारी अस्पतालों में आयुष्मान योजना चल रही है। प्राइवेट अस्पतालों ने आयुष्मान पंजीकृत मरीजों का इलाज किया। करीब चार माह से अस्पतालों का भुगतान नहीं हुआ है। करोड़ों रुपये अस्पतालों का बकाया है। भुगतान के अभाव में अब प्राइवेट अस्पतालों ने आयुष्मान मरीजों के इलाज में असमर्थता जाहिर की है। मरीज इलाज की आस में भटक रहे हैं। गरीब मरीजों की सुनवाई नहीं हो रही है। वहीं अधिकारी हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। अधिकारियों का दावा है कि बजट आते ही अस्पतालों का भुगतान किया जाएगा।

राज्यउत्तर प्रदेश और उत्तराखंडप्रयागराज से वाराणसी ही क्यों जाते हैं अखाड़े और साधु–संत? आप नहीं जानते होंगे ये वजह!

प्रयागराज महाकुंभ के बाद अब अखाड़ों, साधु, संत और अन्य पीठ के धर्माचार्य काशी पहुंचने वाले हैं, जो महाशिवरात्रि तक गंगा घाट पर डेरा डालेंगे. इसके अलावा काशी में वह प्रमुख तिथियों पर भगवान विश्वनाथ का दर्शन करेंगे. साथ ही अखाड़े और नागाओं की तरफ से नगर में शोभायात्रा भी निकाली जाएगी. प्राप्त जानकारी के अनुसार 7 फरवरी को शुभ मुहूर्त के दिन प्रयागराज महाकुंभ से अखाड़ों और साधु संतों का काशी के लिए प्रस्थान करना शुरू हो जाएगा.अखिल भारतीय संत समिति के राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती ने एबीपी न्यूज से बातचीत के दौरान बताया कि हमारी प्राचीन सनातन संस्कृति की परंपरा के अनुसार 12 साल में एक बार महाकुंभ का आयोजन होता है. इस दौरान प्रयागराज से काशी के लिए बसंत पंचमी के बाद से ही अलग–अलग अखाड़े, साधु संत धर्माचार्य काशी पहुंचते हैं. काशी में उनके नाम से अधिकृत स्थल है, जहां पर वह महाशिवरात्रि तक रहते हैं और बाबा विश्वनाथ के साथ होली खेलकर वह यहाँ से प्रस्थान करते हैं. काशी में निरंजनी घाट, महानिरवानी घाट, जूना घाट जैसे काशी के घाट अखाड़े के नाम से है. इन स्थलों पर महाकुंभ से आने वाले साधु संत भगवान शिव की आराधना करते हैं. काशी में उनके द्वारा पूरे राजशाही परंपरा के तहत पेशवाई और शोभायात्रा भी निकाली जाती है.भगवान विश्वनाथ से होली खेल कर ही लौटते हैं साधु संतप्रयागराज महाकुंभ से साधु संतों का काशी आना 7 फरवरी से शुरू हो जाएगा. इसके बाद काशी के गंगा घाट व अन्य धार्मिक स्थल पर महाशिवरात्रि तक साधु संत नागा प्रवास करेंगे

शाहजहांपुर गैंगस्टर में दोषी पाए जाने पर मिली 2 साल की सजा, जुर्माना भी लगाया

शाहजहांपुररू गैंगस्टर के मुकदमे की सुनवाई के दौरान दोषी पाए जाने पर एक आरोपी को कोर्ट ने दो वर्ष के कारावास और पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।बंडा क्षेत्र के गांव उगनापुर हाकिम के खिलाफ वर्ष 2002 में संगठित गिरोह बनाकर समाज विरोधी क्रियाकलाप कर अपने और गिरोह के सदस्यों के लिए अवैध धन की उगाही करने के आरोप में मामला दर्ज हुआ था। विवेचना के उपरांत पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय भेज दिया था।आरोपी को सजा दिलवाए जाने के लिए मॉनीटरिंग सेल व थाना बंडा पुलिस और अभियोजन विभाग द्वारा समन्वय स्थापित करके समयबद्ध रूप से न्यायालय एडीजे–5 में साक्षियों को साक्ष्य कराए गए। आरोप सिद्ध होने पर कोर्ट ने हाकिम को दो वर्ष के कारावास व पांच हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई।

बैंक में रिश्वत मांगने का वीडियो वायरल, महिलाओं ने एसडीएम से की शिकायत

आंवला, रू आंवला की एक बैंक शाखा में रिश्वत मांगने के दो मामले सामने आए हैं, जिसमें रिश्वत लेते हुए एक वीडियो भी वायरल हुआ है, जिसमें रिश्वत के रुपये लेते हुए और रकम मांगने की बात स्पष्ट हो रही है। समूह की महिलाओं ने एसडीएम से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।कस्बे के मोहल्ला खेड़ा के पलक महिला स्वयं सहायता समूह, सूरज महिला स्वयं सहायता समूह, किशोरी स्वयं सहायता समूह, तपस्या स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने आरोप लगाते बताया कि उनके समूह के बैंक खाते थाने के समीप की एक बैंक से संचालित हैं।16 जनवरी की सुबह 11 बजे समूह की महिलाएं सीसीएल (क्रेडिट कार्ड लिमिट) कराने के लिए बैंक में गई हुई थीं। बैंक मैनेजर ने दोपहर 3रू30 बजे तक सीसीएल के लिए रोके रखा। उन्होंने आरोप लगाया कि मैनेजर ने सीसीएल करने के नाम पर 20 हजार रुपये मांगे।उन्होंने फील्ड आफिसर को 10 हजार रुपये दे दिए। परंतु बैंक मैनेजर 10 हजार रुपये अपने लिए मांग रहे हैं। रुपये न देने पर रकम खाते में ट्रांसफर करने से इन्कार कर रहे हैं। महिलाओं ने आरोप लगाया कि रुपये देने से इन्कार करने पर बैंक मैनेजर ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और सीसीएल करने से साफ इन्कार कर दिया। महिलाओं ने सीसीएल करवाने और बैंक मैनेजर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शिकायत कर्ताओं में सुलेखा, रश्मि, गुड़िया, संग्रह शर्मा, नीरज शर्मा, सरिता शर्मा, सोमवती, मालती, बीना देवी, भूदेई, नत्थो देवी के नाम अंकित है। 24 जनवरी को बैंक आने पर मैनेजर ने उससे दोनों खातों का रिन्यूअल करने और रिन्यूअल प्रक्रिया के लिए बैंक में रहने वाले एक व्यक्ति से मिलने की बात कही।उसने आरोप लगाया कि उक्त व्यक्ति ने दोनों खातों के रिन्यूअल (नवीनीकरण) प्रक्रिया में बैंक मैनेजर को 20 हजार रुपये देने और न देने पर रिन्यूअल न होने की बात कही। बड़ौदा यूपी बैंक शाखा आंवला के मैनेजर साकेत यादव ने बताया कि समूह की महिलाएं सीसीएल की बैंक प्रक्रिया पूर्ण नहीं कर रहीं थी। प्रक्रिया पूर्ण करने की कहने पर वह भड़क गईं, उन्होंने बैंक में अभद्रता की। महिलाएं फाइल पटक कर चली गईं। इस संबंध में परियोजना अधिकारी और रीजनल कार्यालय में शिकायत भेजी गई है। उन्होंने अपने ऊपर लगाए गए सभी आरोप निराधार बताये। रिश्वत लेते हुए वीडियो के संबंध में बताया कि उक्त व्यक्ति बैंक का कर्मचारी नहीं है। वह डाक विभाग में तैनात है। यदि उस प्रकरण में उनके पास शिकायत आती है, तो वह उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराएंगें।एसडीएम आंवला एन राम ने बताया कि महिलाओं ने शिकायत की है। उक्त शाखा की पहले भी शिकायतें आ चुकी हैं। इस संबंध में रीजनल कार्यालय से वार्ता कर कार्रवाई कराई जाएगी।

कनेक्शन काटने पर ग्रामीणों ने बिजली विभाग की टीम को घेरा

अलीगढ़ कोतवाली पुलिस ने बिहारी कॉलोनी में गला काटकर की गई युवक की हत्या का महज 5 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है. पुलिस ने एक मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और मामले में अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी गई है. हत्या के कुलसी में तीन टीम में गठित की गई थी जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया हैअलीगढ के कोतवाली नगर क्षेत्र के मोहल्ला भु. जपुरा निवासी 35 वर्षीय रहीस पुत्र लियाकत को रविवार शाम कोई परिचित घर से बुलाकर अपने साथ ले गया. परिवार को लगा कि वह किसी काम से गया होगा, लेकिन जब वह रातभर घर नहीं लौटा, तो चिंता बढ़ गई. सोमवार सुबह मोहल्ले के लोगों ने देखा कि बिहारी कॉलोनी की झाड़ियों में एक युवक का गला कटा शव पड़ा है. शव की पहचान रहीस पुत्र लियाकत के रूप में हुई. स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी. हत्या की सूचना मिलते ही एसपी ग्रामीण अमृत जैन के नेतृत्व में तीन पुलिस टीमों का गठन किया गया. घटनास्थल पर पहुंचे अधिकारियों ने फॉरेंसिक जांच करवाई और इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू किए. सख्ती से जांच के दौरान पुलिस को एक एहम सुराग हाथ लगा, जिससे संदिग्ध आरोपी की पहचान हो गई. पुलिस ने केवल 5 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. पूछताछ में हत्या के पीछे के कारणों का भी खुलासा होने की संभावना है. पुलिस सूत्रों के अनुसार, हत्या के पीछे व्यक्तिगत रंजिश, पैसों का लेन–देन या आपसी विवाद कारण हो सकता है. हालांकि, सटीक कारण आरोपी से पूछताछ के बाद ही स्पष्ट होगा. आगे की कार्रवाई फिलहाल, पुलिस गिरफ्तार आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है और अन्य संदिग्धों पर भी नजर बनाए हुए है. एसपी ग्रामीण अमृत जैन के द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि अलीगढ़ के कोतवाली नगर में एक शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई थी जिसके बाद तीन टीमें गठित की गई थी चंद घंटे में ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है.

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी , उत्तर प्रदेश किसान सभा,के पदाधिकारी के द्वारा बिजली के निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन किया

अलीगढ़ 5 फरवरी को भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी , उत्तर प्रदेश किसान सभा, ।प्स्न्, न्व्डैत।, के पदाधिकारी के द्वारा बिजली के निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन कर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को सम्बोधित सात सूत्रीय ज्ञापन अलीगढ़ के अधीक्षण अभिन्ताओं के माध्यम से भेजा गया। इसी क्रम में बिजली विभाग के कार्यालय लाल डिग्गी पर तीनों अधीक्षण अभिन्ताओं के कार्यालयों के समझ प्रदर्शन किया गया जिसमें भारी संख्या में पार्टी और संगठनों के पदाधिकारी आम उपभोक्ता ने भाग लिया। ज्ञापन मागें निम्न 1– बिजली का निजीकरण रोका जाऐ। 2– स्मार्ट मीटर लगाना बन्द किये जाये। 3– किसानों के लिए बिना शर्त निशुल्क बिजली दी जाए। नलकूपों पर लगाए गए मीटर हटाए जाएंगे। जिन किसानों का एडवांस (विल माफी योजना के लागू होने की तिथि के बाद में वसूला गया) जमा है। उसे वापिस किया जाये। 4– पीक आवर्स (बिजली की ज्यादा उपभोग अवधि) के आधार विल वसूली की व्यवस्था लागू न की जाए।5– किसानों को सामान्य योजना में नलकूपों के कनेक्शन दिए जाएं। 6– अलीगढ़ में एक करोड़ चौरासी लाख के बिजली विल घोटाले के दोषी अधिकारियोंध्कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई कर उपभोक्ताओं के जमा विल को उनके खाते से घटाया जाए। 7– बिजली कर्मचारियों का उत्पीडन बन्द किया जाए। संविदा कर्मियों का नियमितीकरण किया जाए। इस अवसर पर प्रदर्शन कारी ज्ञापन देने वालों में कामरेड ओम प्रकाश शर्मा, हिनाविजारत, सूरत पाल उपाध्याय, चौधरी सत वीर सिंह, शेर मौहम्मद, बलवीर सिंह, वीरेन्द्र धूसिया। ज्ञान प्रकाश शर्मा, इदरीस मुहम्मद, राजकुमार शर्मा। रामकुमार शर्मा, इरफान अंसारी, आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे

महाकुंभ में गई बसें, खामियाजा भुगत रहे यात्री

हाथरस। महाकुंभ में रोडवेज बसों के जाने का खामियाजा हाथरसवासी भुगत रहे हैं। आगरा–अलीगढ़ राजमार्ग सहित अन्य कई मार्गों पर बसों में सफर के लिए यात्रियों को जद्दोजहद करनी पड़ रही है। रोडवेज बसों की भारी कमी की वजह से यात्रियों को या तो मजबूरन डग्गेमार वाहनों में सफर तय करना पड़ रहा है या फिर एक से दो घंटे तक रोडवेज बस के आने का इंतजार करना पड़ रहा है।गौरतलब है कि शासन के आदेश पर डिपो अधिकारियों ने हाथरस डिपो की कुल 65 बसों में से 50 से अधिक बसें महाकुंभ में भेजी गई हैं। इसी तरह अन्य डिपो की बसें भी महाकुंभ में चली गई हैं। इस कारण आगरा–अलीगढ़ राष्ट्रीय रा. जमार्ग पर यात्रियों को रोडवेज बसों के संकट का सामना करना पड़ रहा है।बसों के इंतजार में सुबह से लेकर देर रात तक हा. थरस शहर के अलावा सादाबाद, सिकंदराराऊ, सासनी में भी बस स्टैंड पर यात्रियों की भीड़ जमा हो रही है, लेकिन बसें न मिलने से यात्री बेहद परेशान हैं। जो बसें आ भी रहीं हैं, वह आगरा और अलीगढ़ से ही पूरी तरह भरकर आ रही हैं।इनमें पैर रखने तक को जगह नहीं मिल रही। बसों की किल्लत का फायदा निजी वाहन चालक उठा रहे हैं। वह यात्रियों से मनमाना किराया वसूल कर उन्हें वाहनों में ठूंस–ठूंसकर जानलेवा सफर करा रहे हैं। कुल मिलाकर महाकुंभ में बसों के जाने से यात्री सेवाएं चरमरा कर रह गई हैं।

मध्य प्रदेश पुलिस के सिपाही की हार्ट अटैक से मौत, आगरा में चल रहा था इलाज

हाथरस। रघुनंदन की तबीयत खराब होने के कारण उन्हें आगरा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। छह दिन से उनका उपचार चल रहा था। अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। इस कारण उन्हें वहां से दिल्ली रेफर कर दिया गया। मध्य प्रदेश पुलिस में सिपाही के पद पर तैनात गांव करील निवासी रघुनंदन (32) पुत्र भगवान सिंह की तीन फरवरी को हार्ट अटैक से मौत हो गई। पिछले एक हफ्ते से उनका आगरा में उपचार चल रहा था। बीती शाम को उनका शव गांव में लाया गया। गमगीन माहौल में शव का अंतिम संस्कार किया गया। रघुनंदन वर्ष 2017 में मध्य प्रदेश पुलिस में सिपाही के पद पर भर्ती हुए थे। इस समय उनकी तैनाती ग्वालियर जिले के थाना चिनोर में थी। उनके दो छोटे भाई वीरपाल व पुष्पेंद्र गांव में पिता के साथ खेती करते हैं। पुलिस में भर्ती के 3 साल बाद 2020 में रघुनंदन की शादी हुई थी। इस समय उनके पीछे उनके बड़ा बेटा तनिष (3) व छोटा बेटा युवांश (2) वर्ष है। परिजनों का कहना है कि 28 जनवरी को रघुनंदन की तबीयत खराब होने के कारण उन्हें आगरा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। छह दिन से उनका उपचार चल रहा था। तीन जनवरी को अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। इस कारण उन्हें वहां से दिल्ली रेफर कर दिया गया, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया।

अपार आईडी को लेकर उत्पन्न हो रही समस्याओं को लेकर भारत के शिक्षामंत्री के नाम दिया गया 15 सूत्रीय ज्ञापन और मांगपत्र

` इंडियन एजुकेशन एसोसिएशन(रजि0) संपूर्ण भारत की जिला इकाई अलीगढ़ के तत्वावधान में एक ज्ञापन भारत शिक्षा सरकार के शिक्षा मंत्री के नाम जिलाधिकारी महोदय के द्वारा प्रेषित किया गया. शिक्षा मंत्रालय के इस पोर्टल पर अपार आईडी बनाने का कार्य चल रहा है विद्यार्थियों के यू डाइस पोर्टल पर आधार कार्ड से रजिस्ट्रेशन कराया गया है जबकि आधार कार्ड न्यायालय द्वारा जन्म तिथि के प्रमाण के तौर पर साक्ष्य नहीं माना गया है पूर्व में बने आधार कार्ड में बहुत विसंगतियां है विद्यालय संचालकों ने अपने छात्र पंजीकरण रजिस्टर के आधार पर विद्यार्थियों के विवरण को भर दिया गया लेकिन यू डाइस पोर्टल पर विद्यार्थी का विवरण और आधार कार्ड का विवरण एक ही मांगा जा रहा है जबकि आधार कार्ड में लाखों बच्चों का विवरण गलत है किसी विद्यार्थी के नाम में या जन्मतिथि में वि. संगति है फिर भी उसको आधार कार्ड ही प्रयोग में लाया जा रहा है इससे लाखों विद्यार्थियों के भविष्य में खतरा बना रहा है क्योंकि अपार आईडी बनने के बाद विद्यार्थी के विवरण में संशोधन होना मुश्किल है और स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा लगातार यू डाइस के नोडल अधिकारियों पर और विद्यालय संचालकों पर दवाब बनाया जा रहा है कि अपार आईडी को 100ः बनाया जाए जबकि शिक्षा मंत्रालय द्वारा या उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अपार आईडी को लेकर किसी भी राष्ट्रीय समाचार पत्र या चौनल पर कोई भी आम जनमानस के लिए प्रचार प्रसार नहीं किया गया है यह भी एक संदेह के घेरे में है और अभिभावकों से आधार कार्ड उपयोग में लाने के लिए सहमति पत्र भरवाये जा रहे हैं जिससे अभिभावक को भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई है की कहीं ऐसा ना हो अपार आ. ईडी से बच्चे का संपूर्ण शैक्षिक डाटा लीक हो जाए। अतः अभिभावक भी स्कूल सहमति को लेकर कतरा रहे हैं लेकिन महानिदेशक स्कूली शिक्षा द्वारा लगातार दबाव बनाया जा रहा है सरक. ारी विद्यालयों के शिक्षक कर्मचारियों का वेतन रोक दिया गया है और प्राइवेट विद्यालयों को मान्यता प्रत्याहरण करने की नोटिस जारी किए गए हैं जो की छात्रों को भविष्य के साथ और विद्यालय के साथ अन्याय है इस मांग को लेकर आज एक ज्ञापन शिक्षा मंत्री भारत सरकार के नाम प्रेषित किया गया जिसमें मांग की गई है कि यदि सभी कार्य आधार कार्ड के द्वारा होंगे तो उसके लिए की स्पष्ट शासनादेश जारी किया जाए और आधार कार्ड को लेकर कोर्ट के द्वारा भी आदेश जारी कराया जाए की सभी वैधानिक कारवाइयों में आधार कार्ड को ही मान्य किया जाएगा और स्कूल की रिकॉर्ड को नहीं।इस पर जिलाधिकारी महोदय ने ज्ञापन शिक्षा मंत्री को प्रेषित किया और साथ ही साथ स्कूल शिक्षा महानिदेशक से मिलने के लिए प्रतिनिधिमंडल बनाने की बात कहीं।जल्द इंडियन एजुकेशन एसोसिएशन का प्रतिनिधि मंडल महानिद. `शक स्कूल शिक्षा से लखनऊ कार्यालय पर मुलाकात करेगा और समस्याओं से अवगत कराएगा ज्ञापन देने वालों में गौरव गुप्ता गुरू जी जयदीप वार्ष्णेय नरेंद्र कुमार सोनू गुप्ता मनोज सिंह वेदमित्र आर्य हिमांशु गुप्ता कर्तव्य चौधरी विशाल जादौन अली हसन मलिक पुनीत कुमार शर्मा मंसूर अहमद सरदार जोरावर सिंह देवेंद्र गुप्ता सादिक अली खान एच पी शर्मा मोहम्मद असरफ जितेंद्र कुमार राजीव कुमार प्रबंधक आर्य पब्लिक स्कूल प्रबंधक,श्री कृष्णा पब्लिक स्कूल प्रबंधक, पुष्प पब्लिक स्कूल प्रबंधक, आदर्श हरि बाल विद्यालय आदि मौजूद रहे

अलीगढ़ जिले की इगलास पुलिस, स्वॉट और सर्विलांस टीम ने ज्वाइंट ऑपरेशन के दौरान एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया

अलीगढ़ जिले की इगलास पुलिस, स्वॉट और सर्विलांस टीम ने ज्वाइंट ऑपरेशन के दौरान एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया. मुठभेड़ के बाद पुलिस ने 75 हजार के इनामी बदमाश रवि को अरेस्ट करने में सफलता पाई. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि रवि पर यूपी, अलीगढ़ और राजस्थान पुलिस ने कुल 75 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था.पुलिस ने उसके कब्जे से 4,68,500 रुपये नगद, एक तमंचा, कारतूस, एक मोबाइल फोन और वारदात में इस्तेमाल की गयी बाइक बरामद की. हाल ही में बदमाश ने राजस्थान में एक ज्वेलरी शॉप पर 80 लाख रुपये की लूट की थी.पुलिस ने रोका, तो झोंका फायररू इगलास पुलिस और स्वॉट टीम को बुधवार को मुखबिर से सूचना मिली कि स्टील फैक्ट्री लूटकांड में शामिल अभियुक्त रवि किसी अन्य वारदात को अंजाम देने की फिराक में है. पुलिस ने जब गोरई रोड के अमरपुर धाना के पास बंद भट्टे के नजदीक संदिग्ध व्यक्ति को रोकने की कोशिश की, तो उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी. जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली रवि के पैर में लगी, जिससे वह घायल हो गया.यूपी–रा. जस्थान में दर्जनभर मुकदमेरू क्षेत्राधिकारी इगलास भंवरे दीक्षा अरुण ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश रवि के खिलाफ अलीगढ़ और राजस्थान समेत कई जिलों में एक दर्जन से अधिक आ. पराधिक मुकदमे दर्ज हैं. पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, वह संगठित गिरोह का हिस्सा है. वो हाई–प्रोफाइल लूटपाट और संगठित अपराधों में लिप्त रहा है. पुलिस अब उसके अन्य साथियों की तलाश में जुटी हुई है.स्टील फैक्ट्री के कर्मचारी को लूटा थारू 10 जनवरी 2025 को इगलास क्षेत्र के ग्राम गुरसेना स्थित स्टील फैक्ट्री के अकाउंटेंट सुशील पाठक अपने सहयोगी के साथ बैंक में करीब 4 लाख रुपये जमा करने जा रहे थे. इसी दौरान गोरवा–भोरवा रोड पर दो अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने उन्हें रोककर रुपये से भरा बैग लूट लिया. इस मामले में 12 जनवरी को एफआ. ईआर दर्ज करवाई गई.बड़ी पार्टियों पर गैंग रखता था नजररू पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शातिर बदमाश रवि और उसका गिरोह राजस्थान, आगरा, हाथरस और अलीगढ़ समेत कई जिलों में सक्रिय था. वे फैक्ट्रियों, ज्वैलर्स की दुकानों और बड़े लेन–देन वाली जगहों पर नजर रखते थे. बैंक में रुपये जमा करने जा रहे लोगों को निशाना बनाकर लूटपाट करते थे. रवि ने रा. जस्थान के जयपुर जिले के मुहाना क्षेत्र में अपने साथियों के

दूध विक्रेता की गोली मारकर हत्या, पुलिस ने दो आरोपी किए गिरफ्तार

नामजदों ने राजेंद्र सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी

दूधिया राजेंद्र सिंह बघेल रोज की तरह 4 फरवरी को सुबह तड़के दूध कढ़वाने के लिए साइकिल से जा रहा था। रास्ते में कुछ नामजदों ने राजेंद्र सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक के पुत्र विपिन कुमार बघेल ने दूध के कारोबार को लेकर पूर्व में हुए विवाद को हत्या का कारण बताया है।सुबह दूध कढ़वाने के लिए साइकिल से जा रहे दूध विक्रेता की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना की जानकारी पर परिजन और पुलिस मौके पर पहुंचे। पुलिस घटनास्थल से साक्ष्य संकलन कर जांच–पड़ताल में जुट गई। पुलिस ने हत्या के मामले में दो आरोपियों को गिफ्तार किया हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार हाथरस के शीतलवाड़ा निवासी राजेंद्र सिंह बघेल पुत्र लीलाधर सिंह बघेल रोज की तरह 4 फरवरी को सुबह तड़के गांव से नगला डाडा श्यामपुर रा. जवाहे के रास्ते से दूध कढ़वाने के लिए साइकिल से जा रहा था। तभी साढ़े पांच बजे के आसपास हसायन कोतवाली क्षेत्र की सलेमपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव नगला डांडा से श्यामपुर वाली माता के मंदिर के लिए जाने वाले राजवाहा माइनर के लिंक नगला डांडा श्यामपुर शीतलवाडा मार्ग पर कुछ नामजदों ने रा.जेंद्र सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन घटनास्थल पर पहुंचकर विलाप करने लगे। मृतक राजेंद्र सिंह के पुत्र पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य विपिन कुमार बघेल ने घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। एसपी चिरंजीव नाथ सिन्हा, अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार सिंह व पुलिस उपाधीक्षक, सीओ सिकन्द्राराऊ श्यावीर सिंह मय फा. ’रेंसिक व डॉग स्क्वाइड टीम के साथ पहुंचे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेने का प्रयास किया तो मृतक के परिजन व ग्रामीणों ने किसी व्यक्ति के आने की बात कहकर शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाने से साफ इंकार कर दिया। पुलिस ने जांच–पड़ताल शुरू कर दी। मृतक के पुत्र विपिन कुमार बघेल ने दूध के कारोबार को लेकर पूर्व में हुए विवाद को हत्या करने का आरोप लगाया है। दो आरोपी गिरफ्तार हाथरस के एसपी चि. रंजीव नाथ सिन्हा ने बताया कि थाना हसायन क्षेत्रांतर्गत ग्राम नगला डाडा के पास एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या के संबंध परिजनो से प्राप्त लिखित तहरीर के आधार पर थाना हसायन पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए अभियोग मे नामजद दो आरोपी राहुल व अशोक को गिरफ्तार किया है।

महाकुंभ में गईं बसें, खामियाजा भुगत रहे यात्री

हाथरस महाकुंभ में रोडवेज बसों के जाने का खामियाजा हाथरसवासी भुगत रहे हैं। आगरा–अलीगढ़ राजमार्ग सहित अन्य कई मार्गों पर बसों में सफर के लिए यात्रियों को जद्दोजहद करनी पड़ रही है। रोडवेज बसों की भारी कमी की वजह से यात्रियों को या तो मजबूरन डग्गेमार वाहनों में सफर तय करना पड़ रहा है या फिर एक से दो घंटे तक रोडवेज बस के आने का इंतजार करना पड़ रहा है।गौरतलब है कि शासन के आदेश पर डिपो अधिकारियों ने हाथरस डिपो की कुल 65 बसों में से 50 से अधिक बसें महाकुंभ में भेजी गई हैं। इसी तरह अन्य डिपो की बसें भी महाकुंभ में चली गई हैं। इस कारण आगरा–अलीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर यात्रियों को रोडवेज बसों के संकट का सामना करना पड़ रहा है।बसों के इंतजार में सुबह से लेकर देर रात तक हाथरस शहर के अलावा सादाबाद, सिकंदराराऊ, सासनी में भी बस स्टैंड पर यात्रियों की भीड़ जमा हो रही है, लेकिन बसें न मिलने से यात्री बेहद परेशान हैं। जो बसें आ भी रहीं हैं, वह आगरा और अलीगढ़ से ही पूरी तरह भरकर आ रही हैं।इनमें पैर रखने तक को जगह नहीं मिल रही। बसों की किल्लत का फायदा निजी वाहन चालक उठा रहे हैं। वह यात्रियों से मनमाना किराया वसूल कर उन्हें वाहनों में ठूंस–ठूंसकर जानलेवा सफर करा रहे हैं। कुल मिलाकर महाकुंभ में बसों के जाने से यात्री सेवाएं चरमरा कर रह गई हैं। एक–एक घंटा इंतजार करने के बाद भी आगरा–अलीगढ़ जाने वाले यात्रियों को रोडवेज बस नहीं मिल रहीं। उन्हें मजबूरी में डग्गेमार वाहनों में सफर करना पड़ रहा है। बसों की कमी को जल्द दूर किया जाना चाहिए।सादाबा.द।महाकुंभ में अधिकतर बसों के जाने से यात्री सेवाएं बदहाल हो गई हैं। इतनी अधिक संख्या में बसों को नहीं भेजना चाहिए था। यहां के यात्रियों का भी ख्याल रखा जाता तो इतनी अधिक दिक्कत न उठानी पड़ती।

चोरी के मामले में 24 दिन का कारावास

अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आशीष थिरानियां के न्यायालय ने चोरी के एक मामले में एक आरोपी को दोषी करार देते हुए 24 दिन के कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने दोषी पर अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड न देने पर दोषी को अतिरिक्त कारावास भोगना होगा।थाना सादाबाद में एक भैंस व पड़िया चोरी करने का मुकदमा दर्ज हुआ था। विवेचना के बाद विवेचक ने अभियुक्त राकेश कुमार व एक अन्य अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल किया।इस मामले की सुनवाई अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आशीष थिरानियां के न्यायालय में हुई। न्यायालय ने आरोपी राकेश निवासी नरहोली थाना सैफई जनपद इटावा को दोषी करार देते हुए 24 दिन के कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने दोषी पर चार हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है।

हाथरस के मुरसान कोतवाली क्षेत्र में सादाबाद . रोड पर एक बाइक सवार की मौत हो गई

कोतवाली मुरसान
जनपद हाथरस

हाथरस के मुरसान कोतवाली क्षेत्र में सादाबाद रोड पर एक बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना में कार चालक मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान राजू (पुत्र कालीचरण) के रूप में हुई है, जो भीलम वे. रिसला का निवासी था और एक गेस्ट हाउस में लाइट का काम करता था।घायल व्यक्ति विकेश (पुत्र लक्ष्मण सिंह) मोहल्ला बिजली घर मुरसान का रहने वाला है। घटना उस समय हुई जब दोनों युवक मोटरसाइकिल से सादाबाद से मुरसान की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सादाबाद की तरफ जा रही एक कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि राजू की मौके पर ही मौत हो गई।शव पोस्टमार्टम को भेजासूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गंभीर रूप से घायल विकेश को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस फरार कार चालक की तलाश में जुटी है।

हाथरस के चंदपा कोतवाली क्षेत्र के गांव परसारा में एक दर्दनाक हादसा सामने आया

हाथरस के चंदपा कोतवाली क्षेत्र के गांव परसारा में एक दर्दनाक हादसा सामने आया। निर्माणाधीन मकान पर लेंटर डालने के दौरान हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से 38 वर्षीय मजदूर जीतू की मौत हो गई। जीतू हाथरस गेट कोतवाली क्षेत्र के गांव तिपरस का रहने वाला था।घटना जल सिंह के निर्माणाधीन मकान पर हुई, जहां लेंटर डालने का काम चल रहा था। गांव में हाईटेंशन लाइनें काफी नीचे से गुजर रही हैं। काम करते समय जीतू अचानक हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया और करंट लगने से झुलस कर नीचे गिर पड़ा। स्थानीय लोग तुरंत उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिजनों के पहुंचने पर अस्पताल में कोहराम मच गया। यह घटना इस बात को रेखांकित करती है कि शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक में हाईटेंशन लाइनों की स्थिति जर्जर है और वे नियमित ऊंचाई से नीचे झूल रही हैं, जिससे इस तरह के हादसे आए दिन होते रहते हैं।

हाथरस में एक सड़क हादसे में 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई

हाथरस में एक सड़क हादसे में 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। जलेसर रोड स्थित नगला ब्राह्मण के पास हाथरस जंक्शन कोतवाली क्षेत्र में एक अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दीपक (22) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी राजेश गंभीर रूप से घायल हो गया।मृतक दीपक, जो नगला इमलिया का रहने वाला था और मजदूरी करके अपना जीवन यापन करता था। वह अपने गांव के साथी राजेश के साथ लाड़पुर से अपने गांव नगला इमलिया लौट रहा था। इसी दौरान एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। दोनों घायलों को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने दीपक को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल राजेश को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है।परिजनों में मचा कोहरामपुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। अविवाहित दीपक की असामयिक मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस फरार वाहन चालक की तलाश में जुटी है।

हाथरस में मौसम परिवर्तन का सीधा असर बच्चों की सेहत पर पड़ रहा है। दिन में तेज धूप और रात में सर्दी के कारण बच्चे बीमार पड़ रहे हैं। जिला अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन 200 से अधिक बच्चे खांसी, जुकाम और बुखार की शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं।निजी अस्पतालों में भी मरीजों की संख्या में भारी वृद्धि देखी जा रही है। जिला अस्पताल में इलाज कराने आई पूजा ने बताया कि उनका बच्चा पिछले तीन दिन से खांसी और बुखार से पीड़ित है। एक अन्य महिला जरीना ने भी अपने बच्चे के बुखार की शिकायत की।बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सुमन सिरोही के अनुसार, मौसम परिवर्तन के कारण बच्चों में ये बीमारियां बढ़ रही हैं। उन्होंने अभिभावकों को कई सावधानियां बरतने की सलाह दी है। इनमें प्रमुख हैंरूबच्चों को गर्म कपड़े पहनाएं।गुनगुना पानी पिलाएं।ठंडी चीजों से दूर रखें।घर का तापमान नियंत्रित रखें।सीधी ठंडी हवा से बचाएं।पर्याप्त जलयोजन बनाए रखें। डॉक्टरों का कहना है कि इन सावधानियों को अपनाकर बच्चों को बीमारियों से बचाया जा सकता है।

किसान चेतना यात्रा हाथरस पहुंची11 फरवरी को पीएम कार्यालय पर पहुंचेगी, किसानों की समस्याएं रखेंगे

भारतीय किसान यूनियन (भानू गुट) की किसान चेतना यात्रा ने आज हाथरस जिले का दौरा किया। यह यात्रा पहले कस्बा पुरदिलनगर और फिर सिकंद्राराऊ पहुंची। यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर योगेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में यह यात्रा कल फिरोजाबाद से शुरू हुई थी। किसान चेतना यात्रा का जिले में आगमन पर जोशीला स्वागत किया गया।हाथरस में यूनियन के जिला अध्यक्ष राम जादौन के नेतृत्व में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने यात्रा में हिस्सा लिया। यात्रा के दौरान किसानों ने श्जय जवान जय किसानश के नारे लगाए और स्थानीय लोगों ने इसका जोशीला स्वागत किया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल भी तैनात रहा।किसानों की समस्याओं पर होगी चर्चा... यह चेतना यात्रा किसानों की समस्याओं को लेकर निकाली गई है। यूनियन के अनुसार, यात्रा 11 फरवरी को दिल्ली में प्रधानमंत्री कार्यालय पहुंचेगी, जहां किसानों की विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जाएगा। भारतीय किसान यूनियन लगातार किसानों के हितों के लिए आवाज उठाती रही है। लगातार आंदोलन कर रही है।

हाथरस के टुकसान गांव के सचिन 10 दिन में 485 किलोमीटर पैदल यात्रा कर सोमवार की रात संगम पहुंचे

हाथरस महाकुम्भ में देश–विदेश से श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाने पहुंच रहे हैं। हाथरस के टुकसान गांव के सचिन 10 दिन में 485 किलोमीटर पैदल यात्रा कर सोमवार की रात संगम पहुंचे। आस्था की डुबकी लगाने के बाद गंगा मइया का पूजन किया। सेक्टर 20 में लगे संत प्रवीन के शिविर में विश्राम कर सुबह पैदल अयोध्या प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए निकले। सचिन जय श्रीराम लिखे दो झंडे लिए हुए हैं। उन्होंने अपने 18 महीने के दिव्यांग बेटे की खुशहाली के लिए पैदल धार्मिक स्थलों के दर्शन के लिए मन्नत मांगी थी।वह 24 जनवरी को अपने घर से पैदल महाकुम्भ के लिए निकल थे। सचिन ने बताया कि प्रतिदिन 40 से 45 किलोमीटर पैदल यात्रा करते हैं। रात में किसी ढाबे पर भोजन के बाद आराम करते हैं। सुबह आठ बजे से यात्रा शुरू करते हैं। संगम स्नान के बाद वह गंगा मइया का आशीर्वाद लेकर अयोध्या की यात्रा पर निकल पड़े। बताया कि प्रभु श्रीराम के दर्शन के बाद दो दिन आराम करेंगे। इसके बाद उज्जैन महाकाल दर्शन के लिए पैदल याता शुरू करेंगेबताया कि बेटा दिवांक कमर और गर्दन से दिव्यांग है। इलाज के लिए कई अस्पतालों में गए। मंदिरों में दर्शन–पूजन किए। मन्नतें मांगी। बेटा कुछ ठीक होने लगा तो पैदल यात्रा करने का संकल्प ले लिया। सचिन ने बताया कि चाहे जितने दिन लग जाएं, संकल्प पूरा करके ही घर लौटूंगा। कहा कि गंगा मइ्या का आशीर्वाद मिल गया है। अब उनके आशीष से यात्रा पूरी हो जाएगी। रेलवे की चिकित्सा टीम ने किया इलाजवसंत पंचमी स्नान पर्व पर रेलवे के चिकित्सा विभाग ने 1026 श्रद्धालुओं का उपचार किया। अब्जर्वेशन रूम में श्रद्धालुओं को रखा गया। स्थिति सामान्य होने के बाद इलाज के लिए उन्हें रेलवे और शहर के अन्य अस्पतालों में जर्जी कराया गया। 11 जनवरी से तीन फरवरी तक 96390 श्रद्धालुओं को चिकित्सा सेवा प्रदान की गई। वहीं मंगलवार को झुंसी स्टेशन स्थित ऑब्जर्वेशन रूम और प्राथमिक चिकित्सा केंद्रों पर 278 श्रद्धालुओं का उपचार किया गया। रामबाग के ऑब्जर्वेशन रूम और प्राथमिक चिकित्सा केंद्रों में 263 श्रद्धालुओं को चिकित्सा सुविधाएं दी गई।

पीड़ित ध्यान दें

यदि आप भ्रष्टाचार, भेदभाव, अन्याय, शोषण और उत्पीड़न का शिकार हैं

यदि आपकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

यदि आपके आसपास किसी भी प्रकार की कोई जन सामाजिक समस्या या कोई अपराध हो रहा है तो सम्पादक 'जननायक सम्राट' को पूरे विवरण के साथ पत्र लिखकर इसकी जानकारी दें या मिलें।

इसे 'जननायक सम्राट' को प्रकाशित कर राष्ट्रीय स्तर पर उजागर किया जाएगा। पत्र भेजने वाले का पूरा नाम एवं पता देने आवश्यक है।इसे पूर्णतः गोपनीय रखा जायेगा।

मो. 8218049162
email: jannayaksamrataligarh@gmail.com
jnsnews24aligarh@gmail.com

कासगंज:जिलाधिकारी मेधा रूपम की अध्यक्षता में विकास खण्ड

सोरों के स्वामी विवेकानंद सभागार में अध्यापकों के साथ एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की

कासगंज जिलाधिकारी मेधा रूपम की अध्यक्षता में विकास खण्ड सोरों के स्वामी विवेकानंद सभागार में अध्यापकों के साथ एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की।जिसमें निपुण भारत में अच्छे कार्यों की प्रसंसा करते हुए सभी अध्यापकध्अध्यापिकाओं को जिलाधिकारी ने बधाई दी। और जिलाअधिकारी ने कहा कि गुरु गोविंद दोऊ खड़े, काके लागू पाय, बलिहारी गुरु आपनो, जिन गोविंद दियो बताय इस धोये का महत्वपूर्ण संदेश दिया। और स्कूल के सभी रजिस्टर कंम्पलिट एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाए। अध्यापक अध्यापिकाओं द्वारा बच्चों के खेलने का मैदान एवं स्कूल की बाउंड्री वॉल को लेकर अवगत कराया। जिसमें संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। और अध्यापकों को समय से 30 मिनट पहले स्कूल में पहुंचना चाहिए तथा बच्चों को ईमानदारी से शिक्षा दें क्योंकि बच्चों का भविष्य आपके हाथों में है। अध्यापकों का टाइम टेबल प्रधानाचार्य के कक्ष में और बच्चों का टाइम टेबल उनके कच्छ में अवश्य होना चाहिए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी अध्यापकों की भाषा बच्चों के प्रति मधुर होनी चाहिए और कक्ष में धूम्रपान तम्बाकू मोबाइल इत्यादि से दूर रहे। और खाना मीनू के हिसाब से बनाया जाए मसाले पर एक्सपायरी डेट अवश्य चेक कर ली जाए जिसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सचिन बेसिक शिक्षा अधिकारी सूर्य प्रताप सिंह समस्त खंड विकास अधिकारी सौर विकासखंड के अध्यापक अध्यापिकाएं सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

एटा के मिरहची थाना क्षेत्र में कासगंज .रोड पर एक बड़ा सड़क हादसा

एटा के मिरहची थाना क्षेत्र में कासगंज रोड पर एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। जयपुर से बदायूं लौट रहे एक परिवार की वैगन. आर कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार में सवार चार लोग घायल हो गए, जिनमें से एक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।घटना की जानकारी मिलते ही मिरहची थाना पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को तत्काल एटा स्थित वीरांगना अवंती बाई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। घायलों में सोनू पुत्र रामशंकर वार्ष्णेय, उनकी पत्नी अंजलि और दो बेटियां सोन और किंजी शामिल हैं।थाना प्रभारी नीता माहेश्वरी के अनुसार, परिवार एक शादी समारोह से वापस लौट रहा था। रात के समय चालक की आंख लग जाने के कारण कार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। फिलहाल तीन घायलों का मेडिकल कॉलेज में इलाज जारी है, जबकि एक की स्थिति गंभीर बनी हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

17 लाख बकाया होने पर 178 के काटे कनेक्शन, 2 पर एफआईआर

कासगंज। गंजडुंडवारा क्षेत्र में विद्युत निगम व विजिलेंस टीम ने संयुक्त रूप से मंगलवार को विद्युत चेकिंग अभियान चलाया। उपभोक्ताओं पर 17 लाख विद्युत का बकाया होने पर 178 कनेक्शन विच्छेद किए हैं। बिजली चोरी करने पर दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की हैजिले में विद्युत निगम द्वारा एक मुश्त समाधान योजना लागू होने के बाद भी लोग बकाया बिल जमा नहीं कर रहे हैं। गंजडुंडवारा में मंगलवार को अधिशासी अभियंता ग्रामीण अजय कुमार सविता, एसडीओ महावीर सिंह ने विजिलेंस टीम के साथ चेकिंग अभियान चलाया। 17 लाख रुपये बकाया बिल जमा न करने वाले 178 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए।

कासगंज पुलिस को मिली बड़ी सफलता, चोरी की घटनाओं में वांछित दो चोर दबोचे

जनपद कासगंज की पुलिस को बड़ी सफलता हासिल हुई है, टीम ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया है और उन के कब्जे से थाना सिकन्दरपुर वैश्य व थाना पटियाली क्षेत्रान्तर्गत बन्द मकानों से चोरी किये गये आभूषण बरामद किये हैं। पुलिस अधीक्षक कासगंज अंकिता शर्मा द्वारा उक्त चोरी की घटना का संज्ञान लेते हुये क्षेत्राधिकारी पटियाली राजकुमार पाण्डेय के नेतृत्व में अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं चोरी किये गये माल की बरामदगी के लिए स्थानीय थाना सिकन्दरपुर वैश्य पर पुलिस टीम का गठन किया गया।

कासगंज सड़क हादसे में घायल निजी लैब टेक्नीशियन की उपचार के दौरान मौत

कासगंज। आगरा जाते समय शहर के एक निजी लैब टेक्नीशियन की पचोखरा के समीप अज्ञात वाहन में टक्कर मार दी। इस हादसे में घायल टेक्नीशियन की उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना को लेकर परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों ने सोरों स्थित श्मसान घाट में अंतिम संस्कार कर दिया है।पटियाली के गांव नरथर निवासी 48वर्षीय आशाराम बघेल का 24 वर्षीय बेटा अभिषेक बघेल सोमवार की रात अपने आगरा स्थित किसी रिश्तेदार से मिलने बाइक पर सवार होकर अकेला जा रहा था। जैसे ही उनकी पचोखरा के समीप पहुंची, तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। पुलिस द्वारा घायल अभिषेक को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया । पुलिस ने हादसे की सूचना मोबाइल के डायल कॉल से नंबर निकाल पर उनके दोस्त श्याम को सूचना दी। मौके पर पहुंचे दोस्त ने उसे घायल अवस्था में अलीगढ़ में ले जाकर भर्ती कराया। जहां मंगलवार की रात एक बजे अभिषेक की मौत हो गई। परिजन शव को लेकर गांव गोराहा में पहुंचे। जहां शाम चार बजे के लगभग उनका सोरों स्थित श्मसान घाट में अंतिम संस्कार कर दिया।बहन और भाइयों में सबसे बड़ा था अभिषेक के पिता फौजी है। अभिषेक घर में सबसे बड़ा बेटा था। अभिषेक से छोटी एक बहन और एक भाई है। परिवार में बूढ़े बाबा के अलावा अभिषेक के मंमी पापा और एक बहन और एक भाई भी है। उसकी मौत के परिवार के लोगों का रो–रोकर बुरा हाल है। उसकी जलाना मौत के बाद परिजन, रिश्तेदार, दोस्त शुभचिंतकों की आंखें नम थी।

रामपुर फैक्ट्री मजदूर ने फंदे में लटककर दी जान, युवक की मौत पर घर में मचा कोहराम

भोट, क्षेत्र के कोयला गांव में सोमवार देर रात प्लाईवुड फैक्ट्री में काम करने वाले एक मजदूर ने अपने ही घर में पंखे के कुंडे पर लटक कर जान दे दी। परिजनों ने दरवाजा तोड़कर शव नीचे उतारा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भिजवाया और पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।ग्राम प्रधान भूकन लाल लोधी ने बताया कि गांव निवासी राकेश प्रजापति 30 वर्ष पुत्र कोमिल सिंह काफी समय से गांव के पास ही स्थित प्लाईवुड फैक्ट्री में मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करता था। सोमवार रात 9 बजे राकेश प्रजापति खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चला गया था। मंगलवार सुबह देर तक युवक के कमरे से बाहर नहीं निकलने पर युवक की मां ने खिड़की से झांक कर देखा तो पंखे के कुंडे पर युवक का लटका शव दिखाई दिया। युवक को लटका देख परिजनों ने दरवाजा तोड़कर युवक को नीचे उतारा तो उसकी मौत हो चुकी थी। युवक की मौत पर उनके घर में कोहराम मच गया। ग्राम प्रधान की सूचना पर थानाध्यक्ष भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भिजवाया। परिजनों ने बताया कि युवक की 2 वर्ष पूर्व शादी हुई थी। उसका छह माह का एक बच्चा भी है। कई दिनों से उसकी पत्नी तथा बच्चा मायके में ही थे। राकेश भी सोमवार शाम को ही अपनी ससुराल से घर लौटा था। युवक द्वारा आत्महत्या का कारण साफ नहीं हो सका है। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। तहरीर आने पर रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी ससुरालियों ने दामाद के साथ की थी मारपीट मृतक के भाई जागन ने बताया कि उसका भाई राकेश शनिवार को ससुराल किसी के बथ र्ड में शामिल होने गया था। जहां पर शराब पीने को लेकर ससुरालियों की दामाद से मारपीट हो गई थी। उसके बाद जानकारी मिलने पर जागन अपने भाई को घर बुला लाया था। मंगलवार को उसका शव फंदे पर लटका देखकर परिजनों के होश उड़ गए।

कासगंज पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया

कासगंज पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। थाना सिकंदरपुर वैश्य पुलिस ने आशीष और बुद्धपाल नाम के दो चोरों को सिकंदरपुर वैश्य रोड से पकड़ा है। इन दोनों ने कोतवाली क्षेत्र में चार अलग–अलग स्थानों पर चोरी की वारदातों को अंजाम दिया था।पुलिस के अनुसार, इन चोरों ने हाल ही में सिकंदरपुर वैश्य क्षेत्र के सनौड़ी में किसान कुंदन पाल के घर में चोरी की थी। इसके अलावा, थाना पटियाली क्षेत्र निवासी अनुराग मिश्रा के बंद मकान को भी अपना निशाना बनाया था। दोनों जगहों से चोर सोने–चांदी के जेवरात लेकर फरार हो गए थे।पूछताछ के दौरान दोनों अपराधियों ने कबूल किया कि वे पहले भी कई घरों और शराब के ठेकों में चोरी कर चुके हैं। पुलिस ने आरोपियों से चोरी का सारा माल बरामद कर लिया है। उल्लेखनीय है कि दोनों चोरों के खिलाफ पहले से ही कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है।

मारपीट के चार दोषियों पर दो–दो हजार रूपये का अर्थदंड

कासगंज। अपर मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट खान जीशान मसूद के न्यायालय ने मारपीट के मामले में अपना फैसला सुनाया। कोर्ट ने चार दोषियों को दो–दो हजार रुपये के अर्थ दंड से दंडित किया। सहावर क्षेत्र के मटेना निवासी संजू देवी ने गांव के निवासी नेकसे, शेषपाल, कृष्णपाल व अशोक ने मारपीट की थी। उसने थाना सहावर में मारपीट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की विवेचना कर चारों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने विवेचना पूर्ण कर 22 मार्च 2023 को न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया। अभियोजन की ओर से अभियोजन अधिकारी ने चारों का दोष सिद्ध किया। कोर्ट ने चारों दोषियों को दो–दो हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर 15–15 दिन का अतिरिक्त करवास भोगने की सजा सुनाई।

टपकती छत के नीचे नातियों को पाल रही बूढ़ी दादी

एटा। थाना कोतवाली देहात के गांव नगला पवल में एक और परिवार की तंगहाली का मामला मंगलवार को कलेक्ट्रेट और मेडिकल कॉलेज में देखने को मिला। एक बूढ़ी अम्मा अपने दो मासूम नातियों को मेहनत–मजदूरी कर पाल रही है। बेटे की मौत के बाद पुत्रवधू बच्चों को छोड़कर चली गई। वृद्धा घर की टपकती छत को नीचे बमुश्किल बच्चों का पालन–पोषण कर रही हैं। मंगलवार को मदद की आस में डीएम के पास पहुंची। बीमार बच्चे को देख इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया।ब्लॉक शीतलपुर के गांव नगला पवल निवासी समिंदा देवी ने मेडिकल कॉलेज में संवाद को बताया कि पति विजय सिंह की लगभग 10 वर्ष पूर्व बीमारी के चलते मौत हो गई। उसके बाद बेटे गौरव के पास रहने लगी। मगर 4 वर्ष पूर्व बेटे की भी बीमारी के चलते मौत हो गई। पुत्रवधू देविका का सहारा था लेकिन 2 वर्ष पूर्व देविका भी अपने दोनों बच्चों को हमारे पास छोड़कर चली गई। पुराना मकान है, जिसकी छत से पानी टपकता है।बड़ा नाती 6 वर्षीय कार्तिक गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में कक्षा 2 का छात्र है। लगभग 4 वर्षीय दूसरा नाती मोहित आंगनबाड़ी केंद्र पर पढ़ता है। इनके लालन–पालन के लिए पूड़ी बेलकर गुजारा कर रही हूं। राशन तो मिलता है मगर मकान गिरासू अवस्था में है। इतना ही नहीं कभी–कभी तो घर पर रोटी बनाने के लिए भी जद्दोजहद करनी पड़ती है। मंगलवार को जिलाधिकारी के पास गई थी।यहां से बीमार बच्चों के उपचार के लिए डीएम ने उनको मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया। यहां उपचार चल रहा है। बता दें कि पिछले महीने इसी गांव में की रहने वाली विधवा सुमन ने आर्थिक तंगी की वजह से कीटनाशक निगलकर जान दे दी थी। इसके बाद सभी पात्रों को योजनाओं से लाभांवित करने पर जोर दिया गया। सीडीओ डॉ. नागेंद्र नारायण मिश्र ने बताया कि पात्रता के अनुसार यदि परिवार किसी योजना से वंचित है, तो उसे लाभ दिलाया जाएगा।